हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 जपं में चुने गए विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति



14 रामनवमी शोभायात्रा में रही पुलिस की तगड़ी सुरक्षा








## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 10 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 10 अप्रैल गुरुवार को होगी। 9 अप्रैल को जिलास्तरीय बैठक रखी गई है। बैठक में 13 अप्रैल को होने वाले प्रांताध्यक्ष चुनाव संबंधी एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सदस्यों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य ने की है।

### नवमी में प्रवेश के लिए होगी प्राक्चयन परीक्षा

**धमतरी।** प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षार्थी 20 अप्रैल तक विभागीय वेबसाईट पर क्लिक कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र पूरी तरह से डाउनलोड करना होगा और उसमें पासपोर्ट साइज के रंगीन नये फोटोग्राफ्स चिपकाकर प्रिंट आउट परीक्षा केन्द्र में ले जाना होगा।

### सेमरा में हनुमान जन्मोत्सव 12 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम सेमरा (सी) सिलौटी में नवयुवक जय बजरंग दल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल शनिवार को रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर कुरूद विधायक उपस्थित होंगे। अध्यक्षता श्रीमती गितेशवरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा सदस्य जिला पंचायत धमतरी, सतीश जैन, छबिलेश सिन्हा, दुलार सिन्हा, राम गोपाल देवांगन, भोलाराम साहू, सिर्फ पिंटू राव शिंदे, अमित अग्रवाल, चोवाराम साहू, खेमलाल देवांगन, श्रीमती प्रीति साहू, श्रीमती उर्वशी चांद, सुधीर बल्लाल, यशवंत शुक्ला, चंद्रहास सिन्हा, श्रीमती सविता गंजीर, श्रीमती खिलेश्वरी निषाद, डेमन लाल देवांगन, घनश्याम देवांगन उपस्थित रहेंगे। दोपहर 2 से 4 बजे और रात्रि 8 से 12 के बीच छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद शरण का कार्यक्रम रहेगा।

# घरेलू विवाद से एक परिवार हुआ तबाह बेटे की हत्या कर पिता ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर से 10 किमी दूर ग्राम बोड़रा बलियारा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपने चहेते 6 साल के पुत्र की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। बेटे को मारने के बाद उसने भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घरेलू विवाद और चरित्रशंका के कारण एक परिवार तबाह हो गया। दूसरी तरफ महिला जिला अस्पताल में भर्ती हो गई। पति व बेटे के पीएम के पहले चली गई।



मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम बोड़रा बलियारा निवासी गोपेश्वर साहू पिता पंचराम उम्र 35 वर्ष मां व बड़े भाई के निधन के बाद घर में अपनी पत्नी भूपेश्वरी साहू व बेटे हेयांश साहू 6 वर्ष के साथ रह रहा था। युवक पहले गांव में च्वाइस सेंटर व डेयरी प्रोडक्ट की दुकान चलाता था। चरित्रशंका पर पति- पत्नी में अक्सर विवाद होता था। चर्चा है कि इससे परेशान गोपेश्वर ने शराब का सेवन करना शुरु कर दिया और आदी हो गया। इस चक्कर में उसका च्वाइस सेंटर व दुकान बंद हो गई। घर की आर्थिक स्थिति दयनीय होती चली गई। इस बीच पत्नी राइस मिल में काम करने जाने लगी। वह राइस मिलर के घर खाना पकाने का काम करने लगी। राइस मिलर द्वारा महिला को आने जाने के लिए ई-स्कूटी देने की बात भी सामने आई है। इसे लेकर युवक पत्नी को काम में जाने से मना करता था। लेकिन पत्नी उसकी बात नहीं मानती थी। सप्ताह भर पहले युवक के पिता ने महिला व गांव के एक युवक को समझाइश भी दी थी। इन गतिविधियों को लेकर युवक 24 घंटे तनाव में रहने लगा और अत्यधिक शराब का सेवन करने लगा। वहीं युवक अपने बेटे से बहुत प्यार करता था। दोनों पिता पुत्र एक दूसरे के बगैर नहीं रह पाते थे।

रविवार की शाम युवक ने पत्नी के चरित्र से परेशान होकर फावड़े से अपने बेटे हेयांश साहू के सिर पर एक व सीने में दो वार कर दिया। इस हमले में मासूम की मौके पर मौत हो गई। बेटे को मारने के बाद युवक ने केबल वायर का फंदा बना सिलिंग में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात्रि में पत्नी जब काम कर लौटी तो पुत्र व पति को मृत पाया। उसने इसकी जानकारी गांववालों को दी। सूचना पर अर्जुनी पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल की सूक्ष्म जांच के बाद सोमवार की सुबह दोनों शव को रक्तदान एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### पूछताछ से बचने पत्नी अस्पताल में हुई भर्ती

घटना के संबंध में जब मृतक की पत्नी भूपेश्वरी से पूछताछ करने का प्रयास किया गया, लेकिन महिला सवालों के जवाब देने से बचने चक्कर खाकर गिरने व सदमे में तबीयत खराब होने की बात कह जिला अस्पताल में भर्ती हो गई। वहीं महिला बेटे व पति के पोस्टमार्टम होने से पहले ही स्वस्थ होकर अस्पताल से चली गई।

### सूक्ष्म जांच की जा रही : एसपी वाषर्णेय

इस संबंध में एसपी आंजनेय वाषर्णेय ने मीडिया को बताया कि सूचना पर पुलिस ग्राम बोड़रा पहुंची जहां बच्चा मृत हालत में जमीन पर पड़ा था। वहीं युवक फंदे पर लटका हुआ था। पास में फावड़ा पड़ा हुआ था। बच्चे को फावड़े से मारे जाने की आशंका है। मृतक अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। सभी पहलुओं की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।

# जिले में खुलेंगी 22 नई सहकारी समितियां

- दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में 22 नई सहकारी साख समिति खोलने की तैयारी चल रही है। इन समितियों के खुलने के बाद जिले में कुल 96 समितियां हो जाएंगी। इससे किसानों को सुविधा मिलेगी। प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुनर्गठन पर दावा आपत्ति मंगाई गई है। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद समितियों के गठन की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

जिले में अभी 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां हैं। इन समितियों के माध्यम से किसानों को खाद, बीज, कर्ज वितरण सहित अन्य सुविधाएं दी जाती हैं। धान खरीदी भी इन्हीं समितियों के माध्यम से होती है। कई गांव ऐसे हैं, जहां से इन समितियों की दूरी काफी अधिक है, जिसके चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ती है। खाद, बीज सहित अन्य चीजों के लिए किसानों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यहीं नहीं कई समितियों में किसानों की संख्या ज्यादा होने के कारण भी किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। समस्याओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय ने प्रदेश की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुनर्गठन योजना 2025 तैयार की है। इस योजना के तहत धमतरी जिले में 22 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां खोली जाएंगी। इन समितियों को मूर्त रूप देने से सोसाइटी के सदस्य, सोसाइटियां एवं बैंक शाखा तथा अन्य लोगों से दावा आपत्ति मंगाई गई है। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल तक दावा आपत्ति पेश की जा सकती है। बताया गया है कि समितियों का गठन किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। समितियों के खुलने पर कर्मचारियों की भर्ती के रास्ते भी खुलेंगे, जिससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

# होटल में फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

- बस स्टैंड की घटना, 6 दिन पहले होटल में आया था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक होटल के रूम नंबर 208 में एक युवक की फंदे पर लटकी हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई। रूम से निकल रही बदबू के कारण घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार नया बस स्टैंड स्थित होटल आशियाना के रूम नं 208 से असहनीय बदबू आ रही थी, जिसके बाद होटल के कमरों को चेक किया गया। रूम नंबर 208 का दरवाजा बंद था। कमरे में लगी खिड़की से भीतर का नजारा देख सबके होश उड़ गए। कमरे के सिलिंग फेन पर अंडरवियर व बनियान पहले युवक का शव लटक रहा था। होटल संचालक ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस तत्काल होटल पहुंच रूम नं. 208 को सीलकर जांच में जुट गई। उक्त रूम में रूकने वाले युवक की रजिस्टर में 1 अप्रैल की एंट्री बताई जा रही है। होटल में रूकने के लिए दिये जाने वाला आईडी प्रूफ जब्त किया गया। आईडी के अनुसार युवक किशोर कुमार वैष्णव उम्र 27 वर्ष बिलासपुर जिले के थाना सीपत क्षेत्र के ग्राम खैर डंगनिया का निवासी है। पुलिस परिजनों का इंतजार कर रही है। मृतक को सेल्स रिप्रेजेंटेटिव बताया जा रहा है।




### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने बताया कि होटल संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां कमरे में युवक की लाश फंदे पर लटकी हुई थी। जांच में युवक का नाम किशोर कुमार वैष्णव बिलासपुर पाया गया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। उसके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

# दिल्ली के जंतर-मंतर में पंचायत सचिव करेंगे आवाज बुलंद





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, आंदोलन की रणनीति बदली

पिछले 20 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे ग्राम पंचायत सचिवों ने मंत्रालय घेराव के कार्यक्रम में संशोधन किया है। अब प्रदेश सचिव संघ के सदस्य आंदोलन की रणनीति बदलते हुए दिल्ली के जंतर मंतर मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सोमवार को ग्राम पंचायत सचिव गांधी मैदान से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की रूपरेखा की सूचना दी। ग्राम पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि गत विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। पंचायत सचिव विगत 30 वर्षों से पंचायतों में सेवा दे रहे हैं। 7 जुलाई को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिव के शासकीयकरण को आवश्यक बताते हुए कमेटी गठन की घोषणा की है। 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने समिति गठन कर 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा था। संघ को पूरा विश्वास था कि बजट सत्र में सचिवों को शासकीयकरण करने की सौगात मिलेगी लेकिन इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा कोई पहल नहीं होने से प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध और आक्रोशित हैं।

### जनपद से जंतर- मंतर तक आंदोलन होगा

संघ 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ ने कहा कि सरकार ने हड़ताल अवधि में पंचायत सचिवों को छले जाने के लिए पुनः समिति का गठन किया है, जिसमें समय सीमा का कोई जिक्र नहीं है। संघ ने बताया कि 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव के कार्यक्रम को स्थगित कर हड़ताल की नई रणनीति तय की गई है, जिसमें 7 अप्रैल को रैली निकालकर कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन, 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन, 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान कर विरोध प्रदर्शन, 10 अप्रैल को हड़ताल पंडाल स्थल पर महावीर जयंती, 11 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल, 12 अप्रैल को सद्बुद्धि हनुमान चालीसा पाठ, 13 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल, 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने, 15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 20 अप्रैल को प्रदेश के समस्त सचिव जंतर मंतर मैदान दिल्ली के लिए रवाना, 21 अप्रैल से मांग पूरी होने तक जंतर-मंतर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

# बिजली पोल हटाने साहू समाज ने किया प्रदर्शन



- सामाजिक भवन के सामने 11 केव्ही के उच्च दाब वाले विद्युत पोल से स्लेब ढलाई का काम रूका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मगरलोड के ग्राम बेलोरा साहू समाज ने निर्माणाधीन साहू सामूहिक भवन के सामने उच्च दाब विद्युत पोल को हटाने की मांग कलेक्टर से की है। ग्राम बेलोरा के साहू समाज के अनेक महिला पुरूष ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर कहा है कि साहू समाज द्वारा गांव में साहू सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। उक्त भवन का नींव कार्य पूर्ण होने के बाद उसके सामने विद्युत विभाग ने 11 केव्ही विद्युत लाइन के लिए गड्ढा खोद दिया है। उस वक्त समाज के लोगों ने भवन के सामने पोल लगाने पर आपत्ति की थी लेकिन भवन के सामने पोल लगा दिया गया। वर्तमान में भवन की छत की ढलाई का कार्य किया जाना है, लेकिन उच्च दाब की लाइन गुजरने से यह कार्य रूका हुआ है। गांव में सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण सामाजिक कार्य में असुविधा होती है।

बिजली पोल हटाने सरपंच ने विद्युत विभाग को आवेदन किया। विभाग ने भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाने और एक पोल की शिफ्टिंग के लिए 39 हजार रूपये की डिमांड की है। समाज के लोगों ने कहा है कि साहू सामुदायिक भवन का निर्माण स्वजातीय भाइयों के चंदा से हो रहा है जिसमे शासन प्रशासन, विधायक मद से कोई सहयोग नहीं मिला है। बिजली पोल शिफ्टिंग के लिए समाज के पास धन नहीं है। समाज ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में शासकीय मद से विद्युत पोल शिफ्टिंग कराने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष कोमलराम, सचिव रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष छबिलाल साहू, संरक्षक सोनउराम, तोषण साहू, श्रीमती राही साहू,सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## दाखिल खारिज और आधार कार्ड में नाम मैच नहीं हो रहा

# अब तक नहीं बनी सभी छात्रों की अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शिक्षण सत्र अब समाप्त होने वाला है, लेकिन अब तक छात्रों की अपार आईडी बनाने का काम पूरा नहीं हुआ है। अब तक 82.86 प्रतिशत छात्रों की ही अपार आईडी बन पाई है। वहीं 160 छात्र ऐसे हैं, जिनका आधार और दाखिल खारिज में नाम मिस मैच होने के कारण फार्म रिजेक्ट हो गया है। ऐसे ही नाम मिसमैच होने के कारण बड़ी संख्या में छात्रों की आईडी नहीं बन पा रही है।

छात्रों को डिजिटल पहचाने देने और प्रमाण पत्रों को डिजिटल रूप से कैरी करने की सुविधा देने के लिए हर छात्र की अपार आईडी बनाई जा रही है। इस आईडी के जरिए छात्रों को यूनिक पहचान मिलेगी। हर छात्र की एक यूनिक आईडी होगी, लेकिन अपार आईडी बनाने में कई प्रकार की समस्याएं आ रही है। सबसे बड़ी समस्या नाम को लेकर है। अपार आईडी बनाने में आधार कार्ड को बेस बनाया गया है। विडंबना यह है कि स्कूल के दाखिल खारिज और आधार कार्ड के नाम आपस में मैच नहीं हो रहे हैं, जिसके चलते इन छात्रों की आईडी नहीं बन पा रही है। दाखिल खारिज रजिस्टर को स्थायी दस्तावेज माना जाता है। इसलिए छात्रों को सलाह दी जा रही है कि वे आधार कार्ड में नाम सुधरवा लें। अब आईडी बनाने के लिए छात्र और पालक आधार कार्ड में नाम सुधरवाने भटक रहे हैं।

### 26 हजार छात्रों की नहीं बनी आईडी

जिले में प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक कुल 1717 स्कूल हैं। इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 1 लाख 54 हजार 171 है। अब तक इनमें से 1 लाख 27 हजार 749 छात्रों की अपार आईडी बन गई है। जबकि 26 हजार 422 छात्रों की आईडी नहीं बन पाई है। सबसे ज्यादा धमतरी विकासखंड में 42 हजार 580 छात्रों की आईडी बनी है। कुरूद में 38 हजार 46 मगरलोड में 19 हजार 241 और नगरी विकासखंड में 27 हजार 722 छात्रों की आईडी बनी है।




### बनाने के लिए दबाव नहीं

अपार आईडी कार्ड हर छात्र की यूनिक पहचान है। इसके आधार पर अधिकारी ट्रेस कर पाएंगे कि छात्र किस स्कूल में पढ़ रहा है। वह स्कूल छोड़ देगा तो आसानी से उस तक पहुंचा जा सकेगा। यही नहीं अपार आईडी को डिजिलॉकर से लिंक किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस आईडी को बनाने के लिए किसी प्रकार दबाव नहीं डाला जा रहा है। पालक यदि सहमति नहीं देते हैं तो आईडी भी नहीं बनाया जाएगा। वहीं त्रुटियों के चलते भी छात्र इस यूनिक आईडी से वंचित हो जाएंगे।

# पति की मौत के बाद टूटा मुसीबतों का पहाड़

- रानी दुलानी ने उपभोक्ता फोरम का फैसला आने तक राहत दिलाने या इच्छा मृत्यु की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पंचवटी कालोनी रत्नाबांधा निवासी व्यवसायी महेश दुलानी की मौत के बाद उसके पत्नी और बच्चों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। नामीगिरामी बैंक एवं फाइनेस कंपनी ने बीमा का लाभ देने के बदले घर का कब्जा वारंट निकाल दिया है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंची स्व. दुलानी की पत्नी रानी दुलानी ने कहा है कि बैंक और प्राइवेट फाइनेंस कंपनी की प्रताड़ना से वे मानसिक रुप से परेशान हैं। उसे न्याय नहीं मिला तो अपने तीन बच्चों के साथ इच्छामृत्यु के अलावा उसके पास कोई रास्ता नहीं है।



कलेक्टर के नाम दिए गए आवेदन में रानी दुलानी ने कहा है कि तीन हाइवा और एक एक्टिवा का प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में 35 लाख रूपए का फाइनेंस था। जिसकी 60 हजार रूपये मासिक किस्त थी। यह किस्त उसके पति के खाते से कटती थी। पति की मौत के बाद फाइनेंस कंपनी ने उसे किसी प्रकार की जानकारी नही दी। पति की मृत्यु के बाद उसे लगा शेष पेज 12 पर

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### अंतागढ़ में रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**अंतागढ़।** भगवान श्री राम के जन्मदिन पर अन्तागढ़ में राम भक्तों ने विशाल और मनमोहक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने कहा कि एक राम दशरथ का बेटा, एक राम घट घट में बैठा, एक राम सकल उजियारा एक राम जगत से न्यारा का जयघोष किया गया। अंतागढ़ में इस बार दो अलग-अलग स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई, शिव मंदिर से होकर शोभायात्रा बस स्टैंड होते हुए गोल्डन चौक पहुंची। जहां सभी महिला पुरुषों ने रामजी की आरती कर शोभायात्रा का समापन किया।

## निधन

### मनोज गंजीर



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला निवासी मनोज गंजीर पिता स्व. मोहनलाल उम्र 56 वर्ष का 6 अप्रैल रविवार को निधन हो गया। वे लाकेश, विद्याकांत गंजीर के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन सहित अन्य ग्रामीणों की भीड़ रही।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पति की मौत के बाद टूटा मुसीबतों का पहाड़

कि बीमा से वाहन फ्री हो जाएगा। 10 महीने बाद कंपनी वालों ने घर आकर बताया कि लोन माफ नहीं हुआ है। बीमा की जानकारी लेने पर बताया कि बीमा उसके पति के नाम पर नहीं बल्कि रानी दुलानी/स्वयं के नाम से है। उन्होंने बताया कि उसके पति का वह बिजनेस पार्टनर नहीं थी। ज्वाईंट एकाउंट नहीं है फिर भी उसे गुमराह कर कंपनी ने घर का कुर्की वारंट निकाला है। चार माह तक बीमारी के कारण वह बेड में थी। अब कंपनी वाले मानसिक रूप से परेशान तथा उसे डराया धमकाया जा रहा है। रानी दुलानी ने कहा कि उसका सब कुछ बर्बाद हो गया है। एक घर का साया है उसे भी खाली करने नोटिस थमाया जा रहा है। अब तीन बच्चों के साथ इच्छामृत्यु के अलावा कोई रास्ता नहीं है। उन्होने कन्ज्यूमर कोर्ट का फैसला आने तक तथा फाइनेस कंपनी से बीमा राशि मिलने तक उसे राहत प्रदान करने की मांग की है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

नगर में रामनवमी पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा

# भक्तों ने ध्वजा लेकर श्रीराम के लगाए जयकारे







हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर में भगवान राम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए। इस बीच जय श्रीराम के जयकारों गूंजायमान होने से पूरा नगर राम की भक्ति में डूबा रहा। नगर में हर धार्मिक पर्व पूरी आस्था एवं उल्लास से मनाया जाता है। शोभायात्रा रामनगर मंदिर जंगलपारा नगरी में राम भगवान की पूजा अर्चना के बाद शुरू हुई। पश्चात रथ पर राम, लक्ष्मण, बजरंग बली सवार हुए। बाजे-गाजे के साथ राम के भक्त झूमते रहे। भगवान राम के जयकारों से पूरा नगर राममय नजर आया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर भगवान राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। शोभायात्रा रामनगर जंगल पारा नगरी से मेनरोड पारा साईं मंदिर, बस स्टैंड से चुरियारा पारा से होकर राजाबाड़ा बजरंग चौक, बरगद चौक, बस स्टैंड में सम्पन्न हुई। रामनवमी की शोभायात्रा को देखने के लिए आसपास के गांव के लोग पहुंचे थे। भक्तों ने हाथ में ध्वजा लेकर श्रीराम के जयकारे लगाए। यह आयोजन हिंदू संगठन नगरी द्वारा किया गया।

## अंवरी में सांग बाना के साथ जोत जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी





ग्राम अंवरी में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि पर जोत जंवारा विसर्जन में भक्ति उल्लास छाया रहा। माता के जसगीत गाते हुए भक्तगण और विसर्जन करने के लिए सिर पर जोत-जंवारा धारण किए महिलाएं भक्तिभाव से शामिल हुईं। जंवारा का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नौ दिनों तक मातारानी की आस्था व विश्वास के प्रतीक जोत जंवारा की विसर्जन यात्रा बाजे- गाजे एवं सांग बाना के साथ स्थानीय बांधा तालाब के लिए निकली। पारंपरिक सेवा जसगीत की धुन पर माता भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। ग्राम अंवरी में जोत जंवारा को बांधा तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर माता शीतला के पुजारी, शीतला समिति के समस्त सदस्य, सेउकगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शीतला तालाब में हुआ ज्योत जंवारा का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री सहित क्षेत्र के गांवों में 6 अप्रैल को नवरात्रि की नवमी तिथि पर ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव में माता कंकालीन मंदिर में इस बार ज्योत जंवारा बोया गया था। साथ ही गांव के चुनिंदा लोगों ने भी अपने घर में ज्योत जंवारा बोया था। मंदिर सहित घरों के जंवारा बाजार चौक से होते हुए शीतला तालाब पहुंचे। पंडा की पूजा अर्चना पश्चात ज्योत जंवारा का विधिवत विसर्जित किया गया। इस अवसर पर गांव के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही।

## हनुमान सेवा समिति ने भक्तों को पिलाया शर्बत

**कुरुद।** जय हनुमान सेवा समिति कुरुद द्वारा राम नवमी पर कारगिल चौक में शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां धरती माता, गंगा मैया, पशुधन, पर्यावरण प्रकृति सौंदर्य को सुंदर बनाए रखने सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त कुरुद बनाने स्टील बर्तन बैंक से निःशुल्क स्टील गिलास से शरबत पिलाया गया। शरबत पिलाने वालों में प्रकाश धीवर, मालक राम साहू, हरि निषाद, मनीष साहू, राजेन्द्र गुप्ता, खिलेन्द्र चन्द्राकर, योगेश साहू, गोकुल साहू, अतुल केला, हितेंद्र ध्रुव, राकेश यादव, सरोज साहू, संतोष साहू, नरेंद्र गुप्ता, नवीन साहू, यतीश चन्द्राकर, मुकेश पवार, महेश साहू, तुलाराम चन्द्राकर, ज्ञानचन्द सिन्हा, राजेश मुन्डा समेत अन्य उपस्थित थे।



## उमरगांव में मानस सम्मेलन का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम उमरगांव में मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 18 ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने रामकथा का रसपान कराया। 6 अप्रैल शाम को श्रीराम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीराम, लक्ष्मण की वेशभूषा तैयार कर जन्म उत्सव में रामायण मंडली द्वारा सोहर गीत गाया गया जिसमें श्रोतागण झूमने लगे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने श्रीराम के आदर्शों पर चलने कहा। मौके पर मानस सम्मेलन समिति अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष चन्द्रभान यादव, पूनमचंद कश्यप, सचिव देवेंद्र सेन, सहसचिव संतोष कामड़े, कोषाध्यक्ष कृपाराम ठाकुर, मीडिया प्रभारी रोमेश साहू, अंगेश हिरवानी एवं विष्णु शेष, दुर्गेश पुजारी, डिकेश्वर साहू, तोपेन्द्र साहू, कृष्ण मारकोले, जनक साहू, मंशा सोम, सीता राम ध्रुव, घुरऊराम शेष, टिकेश सेन, धनेश मरकाम, शोभितराम नेताम, भगवान सिंह, कन्हैयालाल, सुरेश मरकाम, कृष्ण कुमार नेताम, नकुल सूर्यवंशी समेत अन्य मौजूद रहे।

## भैंसबोड़ में जोत जंवारा का विसर्जन जस सेवा गीतों पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी






भैंसबोड़ में चैत्र नवरात्रि की नवमी पर जोत जंवारा का विसर्जन हुआ। माता के जसगीत गाते हुए भक्तगण और विसर्जन करने के लिए सिर पर जोत-जंवारा धारण किए महिलाएं शामिल हुईं। जंवारा का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पारंपरिक सेवा जसगीत की धुन पर माता भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। बांधातालाब में जोत जंवारा का विसर्जन किया गया। देवी मंदिरों में हवन पूजन व कन्या भोज का कार्यक्रम हुआ।

मौके पर दुलरवाराम, रविकुमार, हरीश साहू, कुम्भकरण, गणेश राम, कुमान साहू, बीरसिंग यादव, बिसहत तारक, गजेंद्र साहू, लीलेश साहू, रमेश धीवर, दिलीप साहू, नीलकंठ यादव, भागवत साहू, गजानंद साहू, मन्नूराम साहू, दूजराम यादव, महेंद्र साहू, रूपराम साहू, सुरुजभान ढीमर, रामप्रसाद ध्रुव, ईश्वर साहू, श्रवण कंवर सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पानी के लिए पाइपलाइन बिछी पर घरों तक नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत जबरा के आश्रित ग्राम चारगांव में पानी टंकी का निर्माण हुए 1 साल से अधिक हो गया है। पाइप लाइन का विस्तार पूर्ण हो गया है। उसके बाद भी पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक जगह बोर खनन किया गया लेकिन पानी नहीं निकला। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग पीने के लिए पानी के लिए सौर ऊर्जा और कुछ लोग कुएं पर निर्भर हैं। ठेकेदार ने पाइप लाइन कनेक्शन करने के लिए गांव के सीसी रोड को तोड़ दिया है। उसे



कांक्रीट भी नहीं कियाहै। जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

गांव के लोग नहाने के लिए तालाब का उपयोग कर रहे हैं। तालाब में कुछ ही फीट पानी रह गया है। कुछ दिनों के बाद परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बुजुर्गों का कहना है कि पहले तालाब का पानी नहीं सूखता था। गांव में जगह-जगह बोर होने के कारण तालाब सूखने लगा है। वाटर लेवल भी डाउन हो गया है। पुरानी बस्ती चारगांव में वन विभाग द्वारा सोलर कनेक्शन कर बोर किया गया है । उसके माध्यम से लोगों के घरों तक पानी पहुंच रहा है। विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दयाराम पिता जगतू एवं भैयाराम पिता जगतू, सियाराम पिता जगतू, लखनलाल पिता जगतू तथा दुरपतबाई पिता मयाराम, सरस्वतीबाई पिता मयाराम के संयुक्त नाम पर ग्राम छाती, तहसील धमतरी जिला धमतरी में कृषिभूमि खसरा नंबर मूल ख.नं. 389/2, 395/4 रकबा क्रमशः 0.352 हे., 0.809 हे. के संबंध में वर्तमान में प्रकरण न्यायालय आयुक्त महोदय रायपुर संभाग रायपुर छ.ग. से प्रकरण विचाराधीन है जिसकी आगामी पेशी दिनांक 22/04/2025 को अधीनस्थ न्यायालय के अभिलेख हेतु नियत है। प्रकरण की लंबित अवस्था में विधि विरूद्ध आवेदन पत्र दुरपतबाई एवं सरस्वती के द्वारा न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी में खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर न्यायालय को गुमराह करते हुए दिनांक 06/11/2024 को खाता विभाजन कराकर उक्त भूमि अर्थात ख.नं. 395/4 में से रकबा 0.113 हे. एवं खसरा नंबर 389/26 में से रकबा 0.230 हे. को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को अवगत कराया जा रहा है कि उक्त भूमि को किसी व्यक्ति, निकाय, संस्था के द्वारा खरीदी न करें ना ही बिक्री इकरारनामा निष्पादित करते उक्त भूमि को खरीदी या पंजीयन कार्यवाही क्रेता के नाम पर किया जाता है तो क्रेता को स्वत्व की प्राप्ति नहीं होगी एवं बिक्री पत्र आरंभतः शून्य माना जावेगा।

दिनांक :- 07/04/2025

भवदीय
शिव कुमार सिन्हा अधिवक्ता
धमतरी मो.नं. 9755888011

### न्यायालय : श्रीमान तहसीलदार धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)

// ईश्तहार//

ग्राम-भटगांव
जिला-धमतरी छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता ग्राम भटगांव तह./जिला धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरलाल वल्द पीपरराम निवासी ग्राम भटगांव तह./जिला धमतरी व्दारा अपनी माता बेरा बाई पति स्व. पीपरराम जाति गोंड़ की मृत्यु दिनांक 10/12/2023 को ग्राम भटगांव में हो जाने के कारण उसकी मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु इस न्यायालय में मय दस्तावेज आवेदन पेश किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को आपत्ति दावा करना हो तो वह पेशी दिनांक 09/04/25 के पूर्व आपत्ति किये जाने वाले दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। म्याद अवधि गुजरने पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 24/03/25 को ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है।

दिनांक :

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

### न्यायालय : श्रीमान तहसीलदार धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)

// ईश्तहार//

ग्राम-भटगांव
जिला-धमतरी छ.ग.

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम भटगांव तह./जिला धमतरी (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरलाल पिता स्व. पीपरराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम भटगांव तह./जिला धमतरी छ.ग. व्दारा आने पिता पीपरराम वल्द झिगरू गोंड़ की मृत्यु दिनांक 20/10/2021 को हो जाने के कारण उसकी मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष मय दस्तावेज आवेदन पेश किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को दावा आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 09/04/25 के पूर्व आपत्ति किये जाने वाले दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति कर सकते हैं। म्याद अवधि गुजरने पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 24/03/25 को ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है।

दिनांक :

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

## अंचल की खबरें

### छिपली में श्रीराम हिंदू संगठन ने निकाली शोभायात्रा



**नगरी।** ग्राम छिपली में श्रीराम हिंदू संगठन ने ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए। जयश्री राम के नारे लगाते हुए मोहल्लों का भ्रमण किया।

### रैली का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**नगरी।** रामनवमी पर्व पर सर्व हिंदू समाज नगरी द्वारा रैली निकाली गई। बजरंग चौक पर रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नारियल भेंट किया। मौके पर व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रुपेंद्र साहू, जसपाल खनूजा सरपंच सिरसिदा, नरसिंह मरकाम, बिल्लू कोठारी, यशवंत, रोशन साहू, गोलू मंडावी, कमल डागा, पवन साहू, आतिश देवांगन, पवन साहू समेत बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद थे।

### कैबिनेट मंत्री केदार से विकास ने की मुलाकात



**नगरी।** विकास मरकाम को छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री मरकाम ने कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप से भेंटकर अपनी कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह दायित्व मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध पारंपरिक चिकित्सा विरासत, आदिवासी ज्ञान और वनौषधियों की शक्ति को जनहित में पुनः स्थापित करने का एक अवसर है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का वादा करता हूं, ताकि छत्तीसगढ़ की यह अनमोल धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध हो सके।

### बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव से की भेंट



**नगरी।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर ग्राम सांकरा निवासी राजू पटेल ने अपने परिजनों के साथ जगदलपुर पहुंचकर बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री भंजदेव ने राजू एवं उनके परिजनों से आत्मीय संवाद किया तथा परिवार का कुशलक्षेम जाना। इसके बाद दंतेवाड़ा पहुंचकर मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजन कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। यह मुलाकात सांस्कृतिक जुड़ाव और परंपरागत आस्था का प्रतीक रही, जिसने बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को पुनः उजागर किया।

### मतलहिन दाई को मौसमी फल अर्पित किया



**नगरी।** दुगली के देरउरडोंगरी में बारहपाली की देवी मतलहिन दाई का चैत्र जातरा मनाया गया। परंपरा अनुसार माताजी एवं बुढ़ादेव को मौसमी फल आम, तेंदू, महुआ फूल, चार फल चढ़ाया गया। इस अवसर पर पुजारी गुलेश नेताम, चमन लाल सोरी, भारत मरकाम, शंभू मरकाम, रामकुमार कोडोपी, टीकाराम नेताम, निर्मल मरकाम, गोपीचंद नेताम, रोशन नेताम, शंकरलाल नेताम, वरुण देव नेताम, सुमेत मौजूद थे।

### राहगीरों की प्यास बुझाने नपं ने खोला दूसरा प्याऊ




**अंवरी।** भखारा में पुलिस थाना के पास राहगीरों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने नगर पंचायत द्वारा प्याऊ (पेयजल केंद्र) का उद्घाटन किया गया। शुभारंभ उमाकांत तिवारी थाना प्रभारी भखारा ने किया। उन्होंने जल सेवा को मानव सेवा बताया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जल सेवा सभापति हितेंद्र साहू, पार्षद गौतमी पटेल, पार्षद छबिलाल निर्मलकर, रामकृष्ण नेताम, युगेश धीवर, शोभा साहू उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मुरा में रामनवमी मनाई गई



**जीजामगांव।** ग्राम मुरा में भाजपाईयों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। रामनवमी उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों ने ज्योत जंवारा का विसर्जन किया।

### कौहाबाहरा में भाजपा का स्थापना दिवस मना



**नगरी।** भाजपा मंडल कुकरेल के शक्ति केंद्र दुगली के ग्राम कौहाबाहरा के दोनों बूथों में भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर कार्यक्रम सहसंयोजक जनपद सदस्य कलावती मरकाम, श्यामा चरण मंडावी, बूथ कार्यक्रम प्रभारी प्रेमसिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम, बूथ अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, रामकुंवर मंडावी, आशाराम ओट्टी, भोज सोनवानी, रूपेश मरकाम, चम्मन सोरी उपस्थित थे।

### पार्टी की रीति-नीति से कराया अवगत



**सिर्री।** ग्राम भोथली में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर पूजन किया गया। पार्टी के प्रतिनिधि रामस्वरूप साहू के आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में पार्टी के ऐतिहासिक संघर्ष और रीति नीति से अवगत कराया। बूथ अध्यक्ष लोमश देवांगन ने आभार व्यक्त किया। मौके पर सरपंच योगेश साहू, राजेश सेन, खूबलाल देवांगन, वायुनंदन देवांगन, भागवत देवांगन, गीता देवांगन, लता साहू, युवराज देवांगन, उमेश देवांगन, धनंजय पटेल, जितेंद्र साहू, ज्ञानेंद्र सेन, युवराज देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिनकरपुर में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**नगरी।** दिनकरपुर में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सहमीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ध्रुव, बूथ प्रभारी हरि मंडावी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया। संघ के पथ प्रदर्शकों को याद करते हुए ग्राम प्रमुखों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों को फल भेंट किया। इस दौरान वरुणदेव नेताम, चमन कुमार सोरी, सरिता मरकाम, जेठूराम नेताम, जोहन राम मरकाम, अघनूराम नेताम, आशवती मरकाम, इंद्रवती नेताम सहित अनेक ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

### कार्यकर्ताओं ने घर में लगाया भाजपा का झंडा



**सिर्री।** संगठन के दिशा निर्देश एवं अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के मार्गदर्शन में सिर्री मंडल अंतर्गत आने वाले सभी 71 बूथों में भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सिर्री मंडल प्रभारी भानु चंद्राकर व सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, कार्यक्रम प्रभारी गौरव भोंसले, सह प्रभारी थानेश्वर तारक व केवल चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ में भारत माता, अटल बिहारी वाजपेई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा की गई। भाजपा सिर्री मंडल प्रभारी भानु चंद्राकर ने कहा कि भाजपा त्याग, समर्पण और कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज विकास के पथ पर लगातार अग्रसर हो रहा है। गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं ने कहा कि भाजपा सरकार जनता, देश के हित को लेकर हमेशा प्रयासरत रही है। इस दिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाया।

### भाजपा कार्यालय के लिए हुआ भूमिपूजन



**नगरी।** भाजपा के स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने नगरी मंडल के भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। साहू सदन के बाजू में भारतीय जनता पार्टी नगरी के कार्यालय का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, रवि शंकर दुबे, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, मोहन नाहटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम,नपा अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, रामगोपाल साहू, राजेश गोसाई, नरसिंग मरकाम, अनिल वाधवानी, डॉ मुकेश सोम, संत कोठारी, देवशरण धुव, खेमेंद्र साहू, शंकरलाल देव, राजा पवार, रूपेंद्र साहू, सरजू सिन्हा, युगल साहू, चुकेश साहू उपस्थित थे।

कुल 7 सभापति बने, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने अपने चेम्बर में पूजा-पाठ कर सम्हाली कुर्सी

# जपं में चुने गए विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जनपद पंचायत कुरुद में विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति का चुनाव किया गया। कुल सात समितियों के लिए सभापति चयन के बाद सभी समितियों के लिए चार-चार सदस्य का मनोनयन किया गया। वहीं शपथ ग्रहण के लंबे अंतराल के बाद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने इसी दिन अपने चेंबर में पूजा-अर्चना कर कार्यालयीन पदभार लेते हुए अपनी-अपनी कुर्सी संभाल ली है।

सोमवार को जनपद पंचायत कुरुद के सभागार में नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित 23 जनपद सदस्यों का द्वितीय सम्मेलन आहूत किया गया। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम नभ सिंह कोसले के नेतृत्व में सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार श्रीमती दुर्गा साहू ने कुल सात विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति के लिए निर्वाचन प्रक्रिया अपनाकर सभापतियों का चयन किया जिसमें





अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन के साथ 22 सदस्यों ने भाग लिया। वहीं इस दिन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने भी अपने चैम्बर में पूजा अर्चना कर पदभार सम्हाल कुर्सी ग्रहण किया। अब वे अपने कार्यालय में आमजनों की समस्याओं के निराकरण एवं मांगों को पूरा करने उपलब्ध रहेंगे।

### स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की सूची जारी

जनपद पंचायत कुरुद में स्थायी समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों के चयन पश्चात निर्वाचन अधिकारी ने नामों की घोषणा की जिसमें सतीश जैन शिक्षा समिति के सभापति बनाये गये हैं। श्रीमती चित्रलेखा ध्रुव, श्रीमती ललिता भतपहरी, हिमांशु साहू, टेकराम साहू सदस्य होंगे।

आनंद यदु को संचार एंव संकर्म समिति का सभापति नियुक्त किया गया जिसके श्रीमती शकुंतला देवांगन, अनुराग साहू, श्रीमती रेखा साहू, ठाकुर राम साहू सदस्य होंगे। एवन कुमार साहू को राजस्व एवं वन समिति का सभापति नियुक्त किया गया है जिसके श्रीमती मनीषा साहू, श्रीमती डिकेश्वरी देवांगन, ठाकुर राम साहू, चंद्रशेखर साहू सदस्य रहेंगे। श्रीमती सिंधु बैस को महिला बाल कल्याण समिति का सभापति नियुक्त किया गया जिसके गंगा बाई साहू, श्रीमती डिकेश्वरी देवांगन, हिमांशु साहू, अनुराग साहू सदस्य रहेंगे। चंद्रशेखर साहू को कृषि समिति के सभापति नियुक्त कर उर्वशी बांधेकर, मनीषा साहू, दिलीप चक्रधारी, आनंद यदु को सदस्य बनाया गया है। इसी क्रम में महेश ध्रुव को सभापति सहकारिता एंव उद्योग समिति नियुक्त कर टेकराम साहू, श्रीमती कुलेश्वरी साहू, उर्वशी बांधेकर, रूमान कुर्रे को सदस्य बनाया गया है। वहीं शंकुतला देवांगन को सभापति स्वच्छता समिति नियुक्त कर कुलेश्वरी साहू, अनुराग साहू, शरेखा साहू, उर्वशी बांधेकर को सदस्य चुना गया है। नियुक्ति के दौरान निर्वाचित सभापतियों एवं मनोनीत सदस्यों के अलावा सीईओ एचके सेन, जनपद सदस्यगण लिली श्रीवास, बनीता सिन्हा व जनपद पंचायत कुरुद के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### समितियों के अध्यक्ष पहले से ही होते हैं तय

सामान्य प्रशासन समिति और स्थाई शिक्षा समिति के अध्यक्ष पदेन होते हैं। सामान्य प्रशासन समिति के पदेन अध्यक्ष ही जनपद पंचायत के अध्यक्ष होते हैं। जबकि जपं के उपाध्यक्ष, स्थाई शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। शेष समितियों के लिए सदस्य आपस में समन्वय बिठाकर सभापति का चुनाव करते हैं। लगभग सभी चुनाव पूरे हो चुके हैं। स्थाई समितियों के गठन हो जाने के बाद जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों पर अब तेजी से काम शुरू होगा। अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि पूजा पाठ के साथ भगवान का आशीर्वाद लेकर विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाने काम किया जायेगा।

### सभापति नहीं बनाये जाने पर दिखे मायूस

सभापतियों के नामों की सूची अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की ही भांति भाजपा कार्यालय से तय होकर आई थी। निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही बंद लिफाफे खोलकर अधिवक्ता प्रदीप यादव ने प्रस्तावक समर्थक के साथ उक्त नामों का नाम निर्देशन पत्र जमा कराया जिसमे कुछेक नये नवेले चेहरे को स्थान देकर सभी पुराने अनुभवी चेहरे को मौका दिया गया है। जिसमें अधिकांश सभापति भखारा क्षेत्र से लिए गए हैं। ऐसे में सभापति का पद मिलने की लालसा लिए बैठे कुरुद व सिर्री क्षेत्र से चुनकर आये कुछ जनपद सदस्य दबी जुबान से अध्यक्ष-उपाध्यक्ष से लेकर सभापति एक ही क्षेत्र से बनाये जाने को लेकर मायूस दिखे।

## भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बागरूमनाला में भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा, बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर गोटा , बिसंभरर यादव, संतराम मंडावी, सुकलाल नेताम, राम मंडावी, रमेश गोटा, देवेंद्र पोटाई, आशीष चौहान, सुंदर सिंह गोटा, नीरज पोटाई, भानु गोटा, अमित गोटा, मनहरण गोटा, करन गोटा, नवीन गोटा, विजय नेताम सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यकर्ताओं ने संगठन की दृढ़ता और सेवाभाव के प्रतीक के रूप में मनाते हुए पार्टी के सिद्धांतों के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

## राहगीरों को मठा पिलाकर बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बढ़ती गर्मी में जहां हर कोई तपती धूप से परेशान है, वहीं 86 वर्षीय बिपिन दोशी ने सेवा के माध्यम से खुशी बांटने का कार्य किया। अपने भाई और पोते के जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने अपने मित्रों एवं परिजनों के साथ मिलकर राहगीरों को पुदीना और जीरा युक्त मसालेदार ठंडा मठा (छाछ) पिलाया। यह सेवा रत्नाबांधा रोड स्थित पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने संचालित प्याऊ के पास की गई। टेबल लगाकर बिपिन दोशी, उनकी पत्नी श्रीमती रसीला बेन और मित्रगणों गोपाल शर्मा, सुभाष अग्रवाल, मोहन अग्रवाल एवं इंद्रकुमार हिंदुजा ने तीन घंटे तक सेवा दी। इस दौरान पदयात्री, साइकिल, ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर, बस और मोटरसाइकिल से सफर कर रहे



सैकड़ों राहगीरों को मठा पिलाकर राहत पहुंचाई गई। राहगीरों ने कहा कि ठंडा और स्वादिष्ट मठा पीकर मन तृप्त हो गया। यात्रा सुगम हो गई। श्रीमती रसीला बेन ने बताया कि देवर अरविंद भाई और पोते प्रांजल का जन्मदिन है। गर्मी में मुसाफिरों को छाछ पिलाकर उन्हें खुशी और आत्मसंतोष मिला। इस अवसर पर अशोक खंडेलवाल, पराग दोशी, श्रीमती वर्षा खंडेलवाल, श्रीमती सुलेखा जोशी, श्रीमती प्रिया पंजवानी, धनश्री जोशी, राधिका जोशी, श्रीमती सरिता दोशी, रिजवान, संतोष, राजा और घनश्याम ने सहभागिता निभाई।

## जोरातराई में मना भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

जोरातराई (अ) में भाजपा का स्थापना दिवस अटल चौक के पास मनाया गया। इस अवसर पर चौक-चौराहों में सफाई अभियान चलाया गया। घरों में झंडा लगाकर रैली निकाली गई। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू, गोविंद सिंह राजपूत मंडी अध्यक्ष, बंशीलाल साहू, सुखी, पंचम, गोपाल, मनहरण, प्रकाश, मुकेश, प्यारेलाल, देवनारायण, राकेश, बालमुकुंद, तोषण कुर्रे, घनश्याम, प्रकाश, अशोक, नरेंद्र निर्मलकर, नरेश यदु, नीरज साहू उपस्थित थे।

## विधायक ने कोलियारी में भगवान राम की पूजा की



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोलियारी में सोनकर समाज ने रामनवमी पर्व मनाया। इस अवसर पर सुबह प्रभु रामचंद्र की पूजा के बाद पालकी यात्रा एवं कलशयात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने समाजजनों के साथ भगवान राम की पूजा-अर्चना की। उन्होंने समाज के होनहार विद्यार्थियों को सम्मान पत्र भेंट किया। समाज के विकास के लिए उचित सहयोग का वादा किया।

मौके पर समाज के अध्यक्ष मुकेश सोनकर, प्रकाशचंद्र सोनकर, राकेश सोनकर, शत्रुघ्न सोनकर, केशकुमार सोनकर, संतोष सोनकर, कृष्ण सोनकर, रुद्धरेश्वर सोनकर, ऋषि सोनकर, दिनेश सोनकर, श्यामू सोनकर, रमेश सोनकर, अजय सोनकर समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## श्रीराम यात्रा को साहू समाज प्रदेश महामंत्री ने किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रामनवमी पर गांव-गांव में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। महानदी के तट पर बसे ग्राम भरारी में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा पंचकोशी वृत श्रीराम यात्रा मोखला मांझी देव से निकाली गई जिसे साहू समाज के प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू ने भगवा झंडी दिखा कर रवाना किया। इससे पूर्व दयाराम साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण इस सदी का सबसे बड़ा धार्मिक, अव्दितिय, अलौकिक, अविस्मरणीय पल है। भगवान राम के जीवन चरित्र में सारी समस्याओं का समाधान समाहित है। उनसे सीख लेकर घर-घर में रामायण का पाठ करें। यही से सुख, शांति, समृद्धि का संचार होकर रामराज्य की स्थापना होगी।

मौके पर मनोहर सोनकर, अर्जुन सोनकर, लीलेश्वर सोनकर, रामनारायण, नंदकुमार, खुमान निषाद, वैदराम, खेमराम, कमलेश, सरजू, तुलाराम, रामेश्वर, मिथिलेश, चिंता राम, धनसिंग, भूषण सोनकर, रामकुमार यादव सरपंच, आनंद सोनकर, संतोष निषाद शामिल रहे।

## विधायक निवास में झंडारोहण कर मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय आह्वान पर सभी बूथों में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक अजय चंद्राकर के कुरुद निवास में भाजपा का झण्डारोहण कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत ने बताया कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए।



भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म-मानवदर्शन को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। साथ ही पार्टी का अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर है। झण्डारोहण में प्रभात बैस, थानेश्वर साहू, भूपेन्द्र चंद्राकर, आशीष चंद्राकर, छोटू यादव उपस्थित थे।

## खरेंगा स्कूल के सात छात्रों का अग्निवीर में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारत स्काउट गाइड के सात छात्रों होरीलाल दीवान पिता भोलासिंह दीवान सारंगपुरी, गौरव कुमार पिता प्रीतम कुमार साहू खरेंगा, घनेंद्र कुमार पिता अनिल कुमार चक्रधारी खरेंगा, विकास कुमार पिता संतोष कुमार निषाद भरारी, ताम्रध्वज यदुवंशी पिता चंद्रहास देवपुर, ओम प्रकाश चक्रधारी पिता योगेश चक्रधारी खरेंगा, महेंद्र कुमार निषाद पिता नारद राम निषाद भरारी का इंडियन आर्मी अग्निवीर में चयन हुआ है। विद्यालय परिवार ने छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सुभाष साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति खरेंगा, टीआर साहू सरपंच प्रतिनिधि, राधेश्याम बारले, श्रीमती अनीता वैद्य प्राचार्य, व्याख्याता प्रभुलाल सिन्हा, प्रफुल्ल नाथ योगी पीटीआई, वीरेंद्र कुमार यादव, कैलाश सिन्हा, मनोज साहू, मिथिलेश रत्नाकर, नलिनी राजगढ़िया नीतू शर्मा, मनेश्वरी वर्मा, अंशिता पचौरी, श्रीमती लेखनी साहू एवं शेषनारायण गजेंद्र कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर लीडर उपस्थित थे। मंच का संचालन थानेश्वर चक्रधारी ने किया।

## परखंदा सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

■ आरोप: सत्ता का दुरुपयोग कर अपना रहे तानाशाही रवैया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम पंचायत परखंदा में सरपंच और उनके प्रतिनिधि द्वारा की जा रही मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों और विपक्षी पंचों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में बिना किसी बैठक और पूर्व सूचना के वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को हटाया गया है तथा सत्ता का दुरुपयोग कर तानाशाही रवैया



अपनाया जा रहा है। ग्रामवासियों के अनुसार पंचायत में कार्यरत तामेश्वर साहू, कल्याणसिंह निषाद और रोहित साहू को बिना किसी पूर्व सूचना के और बिना पंचायत बैठक के हटाया गया है। इनके स्थान पर दलगत भावना से अन्य व्यक्तियों को नियुक्त किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर ग्रामीणों और विपक्षी पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और हटाए गए कर्मचारियों को पुनः कार्य पर लेने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों की इस मांग का समर्थन देने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन आशीष शर्मा स्वयं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे और ग्रामीणों की बातों को गंभीर बताते हुए प्रशासन से त्वरित जांच एवं न्याय की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में पूनम साहू उपसरपंच, नरेंद्र ढीढी नेता प्रतिपक्ष, दीपक कुमार, रेखा पटेल, सविता साहू, दशोदा, अनुसुइया, ईश्वरी, संतोषी सहित अनेक पंचगण और ग्रामवासी शामिल रहे।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डॉ. खेदू भारती की 17 किताबों का विमोचन 10 को

**धमतरी।** मितान धारा फाउंडेशन के एक वर्ष पूरा होने पर जलसा कार्यक्रम 10 अप्रैल को नारायणा भवन रूद्री रोड धमतरी में रखा गया है। मुख्य अतिथि फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. खेदू भारती सत्येश थे। अध्यक्षता दिग्विजय सिंह कृदत्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मराठा सेवा संघ भारत करेंगे। विशेष अतिथि नम्रता ध्रुव सहसचिव महाविद्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी संघ रायपुर, संगीता मानिकपुरी लोक गायिका, ममता खालसा प्रदेश अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ छग धमतरी, विजय लहरे अध्यक्ष गर्वित फाउंडेशन रायपुर, श्रीमती मोहनी साहू अध्यक्ष छग महिला एसोसिएशन होंगे। फाउंडेशन की प्रबंधक पूर्णिमा कौशिक ने बताया कि इस कार्यक्रम में डॉ. खेदू भारती द्वारा सृजित 17 किताबों के साथ एक राष्ट्रीय साझा काव्य संग्रह राही साथ चलते हैं, का भी विमोचन किया जाएगा।

### तीन माह में 286 गुम इंसानों की तलाश

**महासमुंद।** जिले में गुम हुए बालक, बालिका, महिला, पुरुषों की दस्तयाबी के लिए महासमुंद पुलिस ने 1 जनवरी से 30 मार्च तक विशेष अभियान चलाया, सभी थाना क्षेत्रों से अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। जिनके द्वारा राज्य के अंदर और दीगर राज्य ओड़िशा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर से 58 बालिका, 2 बालक, 174 महिला, 52 पुरुष, कुल 286 गुम इंसान की तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। इस पूरे अभियान में वरिष्ठ आरक्षकों का विशेष योगदान रहा। युक्क युवतियों के परिजनों ने कहा कि पुलिस की मदद से हमसे बिछड़े मिले। बच्चों को ढूंढ़कर परेशान हो चुके थे। रिश्तेदारों के यहां भी पतासाजी की, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया था। कुछ परिजनों ने कहा कि हम तो पूरी तरह से उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पुलिस की इस पहल से हमारे घर में फिर से खुशियां लौट आई। लोगों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

चाक-चौबंद व्यवस्था से एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई, शांतिपूर्ण निकली शोभायात्रा

# रामनवमी शोभायात्रा में रही पुलिस की तगड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर में निकाली गई रामनवमी की शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इस व्यवस्था के लिये आयोजक समिति ने धमतरी पुलिस को धन्यवाद दिया है।

जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने रामनवमी शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर आवश्यक निर्देश दिए थे। इसके अतिरिक्त अधिकारियों द्वारा शोभायात्रा का स्वयं निरीक्षण किया गया जिसके चलते रामनवमी शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढग से संपन्न हुई है।



इस दौरान एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई। इसके लिये आयोजक समिति ने धमतरी पुलिस का आभार जताया है।

रामनवमी पर्व को लेकर एसपी की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे। बाहर से बल मंगाकर उनकी तैनाती की गई थी जिससे शोभायात्रा के दौरान किसी को भी कोई परेशानी नहीं हुई। साइबर सेल की टीम व सादी वर्दी में पुलिस बलों द्वारा नजर रखी गई। वहीं सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई।

शोभायात्रा के दौरान एएसपी मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी भावेश साव, यातायात डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी, एसडीएम पीयूष तिवारी, तहसीलदार सूरज बंछोर, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, दुगली प्रभारी टुमन डड़सेना,



मगरलोड प्रभारी राजेश जगत, रूद्री टीआई अमित बघेल, यातायात एसआई खेमराज साहू, आरके साहू, अकलाडोंगरी थाना प्रभारी, महिला सेल प्रभारी शोभा मंडावी एवं एसआई संतोष सिंह, विनोद शर्मा, सरिता मानिकपुरी, एएसआई रामावतार राजपूत, दिनेश चंदेल, प्रेमलाल सिन्हा, डिगेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व जवान तैनात रहे।

# नवकार महिला मंडल ने प्याऊ घर खोला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी नवकार महिला मंडल ने प्याऊ घर का उद्घाटन किया। नवकार महिला मंडल का 21वां वर्ष है जो निरंतर अपनी सेवा घड़ी चौक स्थित नंदा पेट्रोल पंप के सामने करते आ रही है। मंडल अध्यक्ष श्रीमती संतोष मिनी ने बताया कि बाहर से ग्रामीण मजदूर वर्ग जो रोजगार के लिए शहर आते हैं, उन्हें पानी की सख्त जरूरत रहती है और उन्हें पैसों से पानी खरीदना पड़ता है। पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना को चरितार्थ करते हुए महावीर जयंती में प्याऊ खोलने का लक्ष्य रखती है। इस अवसर पर श्री सकल जैन समाज के अध्यक्ष संतोष काकरिया, विजय प्रकाश जैन सचिव, आकाश गोलछा, आतिश जैन, सुनील जैन, दीपक जैन, रमेश मिनी, प्रकाश लोढ़ा, महावीर पारख, मानक लूनिया, कुसुम गोलछा, इंदु जैन, सरिता, संजु, अनु जैन, कंचन अंजू लोढ़ा, शोभा, शशि पिंचा, अनीता लुंकड़, शिल्पा चोपड़ा, कंचन चोपड़ा, लक्ष्मी काकरिया, बेबी पिंचा समेत मंडल की सदस्य उपस्थित थीं।

# भगवान राम के आदर्शों को करें आत्मसात : उमेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम भरारी में सोनकर समाज द्वारा राम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान विभिन्न मंडलियों ने श्री रामचंद्र की कथाओं का वर्णन किया। कार्यक्रम के अतिथि उमेश साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि थे। श्री साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में जिन आदर्शों पर प्रभु रामचंद्र चले हैं, वह हमारी संस्कृति की धरोहर है। इन्हीं आदर्श के बल पर पूरे विश्व के भीतर मानव के भीतर शांति की कल्पना की जा सकती है। रावण के अंदर असीम शक्ति थी परंतु उन्होंने दुनिया के मनुष्यों पर राज किया परंतु रामचंद्र ने मनुष्यों के भीतर स्थित मनुष्यता पर राज किया इसलिए आज प्रभु राम सर्व पूज्य हैं। तामेश्वर साहू ने राम कथा के अनुसार अपने जीवन को ढालने की बात कही। कार्यक्रम में अर्जुन सोनकर, तुलाराम सोनकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

निजी जमीन पर मुंजवानी परिवार द्वारा सड़क बनाने की याचिका को किया खारिज

# हाईकोर्ट से निगम को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। ज्ञात हो कि मुंजवानी परिवार ने निगम पर आरोप लगाया था कि उनकी निजी जमीन पर बिना अनुमति के निगम ने सड़क बना दी है। मुंजवानी परिवार ने मुआवजे की मांग करते हुए अदालत में याचिका दायर की थी।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने आयुक्त प्रिया गोयल को इस मामले से अवगत कराया और सम्पूर्ण जानकारी दी कि निगम ने वहां पर कोई भी सड़क नहीं बनाई है। आयुक्त प्रिया ने इस मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और माननीय उच्च न्यायालय में अपील दायर करवाई और जल्द ही मामले पर फैसला आ गया। फैसला निगम के हित में मिला। अन्यथा लाखों को



नुकसान निगम को उठाना पड़ता।

उल्लेखनीय है कि यह मामला सिन्हा समाज भवन के समीप कांटातालाब के पास की भूमि से जुड़ा है जहां मुंजवानी परिवार ने यह दावा किया था कि उनकी जमीन में निगम ने सड़क बना दी है। जबकि निगम ने कोई सड़क का निर्माण किया ही नहीं।

प्रारंभिक तौर पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए निगम को मुआवजा देने का आदेश दिया था, लेकिन जब यह मामला नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल के संज्ञान में आया, तो उन्होंने इस पर गंभीरता से विचार किया। निगम ने क्षेत्र की जांच कर जरूरी साक्ष्य अदालत में प्रस्तुत किया कि वहां सड़क निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा नहीं किया गया है। जांच में सामने आया कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मुरूम डालकर वहां अस्थायी रूप से रास्ता बना दिया था।

इस ठोस प्रमाण के साथ निगम ने हाईकोर्ट में अपील की, जहां न्यायालय ने भी माना कि निगम की कोई संलिप्तता नहीं है और इस आधार पर मुंजवानी की याचिका को खारिज कर निगम के पक्ष में फैसला सुना दिया। इस पूरे मामले में निगम आयुक्त प्रिया गोयल की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने न केवल तत्परता दिखाई, बल्कि कानूनी प्रक्रिया में भी निगम की ओर से सशक्त पैरवी सुनिश्चित करवाई। उनकी नेतृत्व क्षमता, पारदर्शिता और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता ने निगम को आर्थिक नुकसान से बचा लिया।

# पिता की जान बचाने वाले बेटे, भतीजे होंगे सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीते 28 मार्च को आमातालाब निवासी संतोष देवांगन (46) शुक्रवार की सुबह 8 बजे अपने बेटे और भतीजे को रुद्री बरॉज नहलाने ले गए थे। जहां वह स्वयं डूबने लगे थे। उनके बेटे आशु देवांगन और भतीजे मेहुल देवांगन ने तैरना न आते हुए भी बहादुरी दिखाते हुए उनकी जान बचाई थी। इस घटना के बाद जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष विनय देवांगन और पदाधिकारी उनके निवास स्थान पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला देवांगन समाज के वार्षिक सम्मेलन में दोनों बच्चों का सम्मान किया जायेगा। मौके पर महासचिव डॉ. जयलाल देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, मिथिलेश देवांगन, दीपेश देवांगन, जयलाल देवांगन, भागवत देवांगन, टीकाराम देवांगन, संतोष देवांगन, तीजूराम देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, वेदराम देवांगन सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

प्राचीन श्रीराम मंदिर में सोहर गीत गाया, जगह-जगह हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

रामनवमी पर कुरुद में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूरे नगर में बाजे-गाजे के साथ भ्रमण करा भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इसके पूर्व प्राचीन श्रीराम मंदिर में रामलला की विशेष पूजा-अर्चना के साथ रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। शोभायात्रा के दौरान नगर में चारों तरफ जय श्रीराम के जयकारे और भगवा रंग में रंगे भक्त भगवा पताका के साथ नजर आए।

रविवार की शाम आजाद हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में निकली शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। रास्तेभर धमाल, डीजे और चकाचौंध करने वाली रोशनी के बीच मस्ती और जोश में रामभक्त झूमे। शोभायात्रा में एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्रीराम की ध्वनि से समूचा वातावरण राममय हो गया। सभी वर्ग ने प्रभु श्रीराम चंद्र के सम्मुख जनकल्याण की भावना की अर्जी लगाई। इससे पूर्व श्रीराम मंदिर में महंत अखिलेश वैष्णव ने विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भजन संकीर्तन एवं रामायण पाठ के साथ सोहर गीत गाकर भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। शाम 6:30 बजे शोभायात्रा प्राचीन श्रीराम मंदिर से निकलकर चंडी मंदिर, पुराना बाजार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक होते हुए नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, पूर्व जिपं सदस्य तारिणी चन्द्राकर, पार्षद मनीष साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, भाजपा नेता मालक राम साहू सहित आजाद हिन्दू युवा मंच से जुड़े लक्ष्मीकांत साहू, बादल चन्द्राकर, जग्गू ध्रुव, मलय, सत्यम, अनुराग, आयुश चन्द्राकर, कमल शर्मा, खिल्लु देवांगन मौजूद रहे।

# पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रीतेश ने अपने घर में ध्वज फहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जनता पार्टी ने 6 अप्रैल को 46वां स्थापना दिवस मनाया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान तथा प्रदेश नेतृत्व किरणसिंह देव के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने अपने घर में कमल ध्वज फहराकर देश सेवा के साथ ही आम जनता के प्रति त्याग, समर्पण से कार्य करने की शपथ ली।

इसी क्रम में भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने भी अपने गृह निवास में पूजा अर्चना कर ध्वज फहराया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच एक भारत, श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत है। भारत



का मुकुट कश्मीर के लिए जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया। उसे राष्ट्र की धारा में फिर से लाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370,(35A) हटाया।

# शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 1,25,000 स्वीकृत करने की मांग

- टीचर्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्री को भेजा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने वित्त मंत्री, वित्त सचिव, सामान्य प्रशासन सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 1,25,000 रूपए स्वीकृत करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, धमतरी जिलाध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ प्रतिनिधि सविता छाटा, सचिव बलराम तारम, उपाध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद साहू, महासचिव कैलाशप्रसाद साहू, राहुल नेताम, ब्लाक अध्यक्ष धमतरी गेवाराम नेताम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चोवाराम चंद्राकार, गुहाराम निषाद, उपाध्यक्षगण केपी साहू, मुरारी लाल साहू, टीकाराम सिन्हा, किशन मंडावी, सचिव हरीश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साहू, ब्लॉक महिला प्र को ष्ठ पदाधिकारीगण करुणा सोनबेर, बिंदु ध्रुव,





तुनेश्वरी साहू, कांति भारद्वाज, मंजूषा साहू ने कहा कि शासकीय सेवा में रहते हुए किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के छः माह के बराबर अधिकतम 50,000 की सीमा तक अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है। भोपाल में शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को, मृतक शासकीय सेवक के वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर अधिकतम एक लाख पच्चीस हजार अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। छग में भी वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छह गुना के बराबर अधिकतम एक लाख पच्चीस हजार अनुग्रह राशि स्वीकृत की जाए।

## बिरगुड़ी में हिंदू जागरण मंच का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम बिरगुड़ी के शिव मंदिर में हिंदू जागरण मंच का गठन किया गया। संयोजक हरलाल नाग, सह संयोजक जितेंद्र ध्रुव, खेलन कश्यप बनाए गए। सदस्यों में शिवांश साहू, शेखर बिसेन, विजय नाग, मोनू कश्यप, नेहरू बिसेन, बबलू साहू, रमेश कश्यप, गोपाल यादव, चिम्मन यादव, बबला यादव, कश्यप शामिल हैं।



## महिला समिति ने मनाया राम जन्मोत्सव

**नगरी।** रामनवमी पर्व पर वार्ड क्रमांक 3 रामनगर में राम रामेश्वरम महिला समिति द्वारा भगवान राम का जन्मोत्सव व मनाया गया। भगवान रामचंद्र का अभिषेक कर पूजा-अर्चना के बाद महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। दर्शन के लिए सुबह से लोगों का राम मंदिर में आना शुरू हो गया था।




By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


वीसीसी, नमन सुपर किंग्स, विजय इंश्योरेंस, इंडियन फाइटर ने जीत दर्ज की

# एकलव्य खेल परिसर में खूब पड़ रहे चौके-छक्के

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्व. विष्णु हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में 2 अप्रैल को सीजन 3 का आगाज हुआ। चार दिन के सभी मैच में काफी रोमांचक देखने को मिला। पहला मैच वीसीसी व कार बाजार बीच खेला गया जिसमें वीसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 133 रन बनाए। इसके जबाव में कार बाजार 10 विकेट खोकर 95 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरा मैच आरडी किंग्स व नमन सुपर किंग्स के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए आरडी किंग्स ने निर्धारित 10 ओवर में 117 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जवाब में नमन सुपर किंग्स



ने 7 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। तीसरा मुकाबला विजय इंश्योरेंस सर्विस व श्रीराम हास्पिटल के मध्य हुआ। विजय इंश्योरेंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 119 रन बनाये। जवाब में श्रीराम हास्पिटल की टीम मात्र 85 रन ही बना पाई। चौथा मुकाबला रायल स्ट्राइकर व इंडियन फाइटर के मध्य खेला गया जिसमें रायल स्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 70 रन बनाये। इसके जबाव में इंडियन फाइटर ने 5 विकेट खोकर 74 रन बनाए और यहां मैच अपने नाम किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रघुवीर बघेल, नकुल शर्मा, सुमित बघेल, पुष्पेंद्र हिरवानी, विक्की ध्रुवंशी, वेदप्रकाश देवांगन, रिंकू रजक, आशुतोष खरे, जैश सार्वा, मनोहर बंजारे, बिट्टू सिन्हा, कृष्णा बेहरा, जित्तू साहू, मिलन साहू, प्रशांत मेश्राम, संजय नेताम, हुसैन, इश्हाक, अजय सहित आयोजन समिति के सदस्य व हजारों खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### पं. राजेश शर्मा ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

पंडित राजेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और नशे की ओर ध्यान नहीं जाता। जीवन में खेल जरूरी है। हार जीत सिक्के के दो पहलू है लेकिन शारिरिक और मानसिक विकास के लिए खेल अति महत्वपूर्ण है।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020